MA. History code No (460)

**Set-1** | 17P/240/22 | 1229

Question Booklet No ..................

(To be filled up by the candidate by **blue/black ball-point pen**)

| Roll No. | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

Roll No.
(*Write the digits in words*) ..........2017.......................97.........

Serial No. of OMR Answer Sheet ..........................................

Day and Date ..................................... ..................................... (*Signature of Invigilator*)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on **both sides of the Answer Sheet**)

1. Within 30 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. A separate Answer Sheet is given. ***It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your ***Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen*** in the space provided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and also Roll No. and OMR sheet No. on the Question Booklet.
7. Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfair means.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. ***For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. ***Note that the answer once filled in ink cannot be changed.*** If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero mark).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गए हैं]

***Total No. of Printed Pages : 44***

76,

collegedunia
India's largest Student Review Platform

ROUGH WORK

रफ़ कार्य

·FC

collegedunia
India's largest Student Review Platform

MA. History Code No. (460)

17P/240/22 (1)

2017

No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 120

Time : 2 Hours] [Full Marks : 360

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 360

**Note** : (*i*) Attempt as many questions as you can. **Each question carries 3 (Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer.*** **Zero** mark will be awarded for each unattempted question.

**अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें । प्रत्येक प्रश्न 3 (तीन) अंक का है ।** ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा*** । प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक *शून्य* होगा ।

(*ii*) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हो, तो निकटतम सही उत्तर दें ।

1. In which of the following Buddhist texts, do you find the rules of 'Sangha-life' ?

(1) Abhidhamma-Pitaka (2) Deegh-Nikaya

(3) Vinay-Pitaka (4) 1 and 2 both

निम्नलिखित बौद्ध-ग्रंथों में से किसमें संघ-जीवन के नियम प्राप्त होते हैं ?

(1) अभिधम्म-पिटक (2) दीघ-निकाय

(3) विनय-पिटक (4) 1 एवं 2 दोनों

2. Of the following, whose chief feature is 'Anekantavad' ?

(1) Hinayan (2) Jainism (3) Saankhya (4) Vaisheshik

निम्नलिखित में से किसकी मुख्य विशेषता (लक्षण) 'अनेकान्तवाद' है ?

(1) हीनयान (2) जैन धर्म (3) सांख्य (4) वैशेषिक



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

3. With which one of the following is Chandragupta Maurya is said to have gone south ?

(1) Asvagosha (2) Vasumitra
(3) Upagupta (4) Bhadra-bahu

निम्नलिखित में से किसके साथ, चन्द्रगुप्त मौर्य का दक्षिण प्रयाण, माना जाता है ?

(1) अश्वघोष (2) वसुमित्र
(3) उपगुप्त (4) भद्र-बाहु

4. Who among the following was the first to have equated Chandragupta Maurya with 'Sandrocottas' ?

(1) James Prinsep (2) Alexander Cunningham
(3) William Jones (4) Max Muller

निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम, चन्द्रगुप्त मौर्य का समीकरण 'सैण्ड्रोकोट्टस' से किया था ?

(1) जेम्स प्रिन्सेप (2) एलैक्जैन्डर कर्निघम
(3) विलियम जोन्स (4) मैक्स मूलर

5. In which 'regnal year' did Ashok conquer Kalinga ?

(1) Fourth year (2) Eighth year
(3) Tenth year (4) Sixteenth year

अशोक ने शासन के किस वर्ष में कलिंग-विजय की थी ?

(1) चौथे वर्ष (2) आठवें वर्ष
(3) दसवें वर्ष (4) सोलहवें वर्ष

6. Who among the following was a tax-collector, according to Kautilya's 'Arthashastra' ?

(1) Samaharta (2) Sannidhata
(3) Sanchayak (4) Sanchari

कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन कर (राजस्व) वसूलने वाला अधिकारी था ?

(1) समाहर्ता (2) सन्निधाता
(3) संचयक (4) संचारी



*(Continued)*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

7. Consider the following statements :

**Assertion (A)** : Mauryan Empire declined after Ashok.
**Reason (R)** : Following his 'Dhamma', Ashok had liquidated his army.

Choose the correct answer from the following :

(1) Both A and R are true and R is the correct explanation of A.

(2) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A.

(3) A is true but R is false.

(4) A is false but R is true.

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कथन (A) : अशोक के पश्चात् मौर्य साम्राज्य का पतन हो गया ।
कारण (R) : अशोक ने अपने धम्म के अनुपालन में, सेना निर्धारित कर दी थी ।

नीचे दिए गए संकेतों से अपने सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A तथा R दोनों सही हैं तथा A की सही व्याख्या R है ।

(2) A तथा R दोनों सही हैं किन्तु A की सही व्याख्या R नहीं है ।

(3) A सही है, किन्तु R गलत है ।

(4) A गलत है, किन्तु R सही है ।

8. In which one of the following is the 'espionage system' described in detail for the first time ?

(1) Arthashastra (2) Kamandkiya Nitisaar

(3) Mudra Rakshash (4) Niti-Vakyamrit

निम्नलिखित में से किस एक में गुप्तचर का सर्वप्रथम विस्तृत वर्णन हुआ है ?

(1) अर्थशास्त्र (2) कामन्दकीय नीतिसार

(3) मुद्राराक्षस (4) नीति वाक्यामृत



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

9. Which was the smallest measurement unit in ancient India ?

(1) Karp (2) Masha (3) Pal (4) Raktika

प्राचीन भारत में तौल की सबसे छोटी इकाई कौन सी थी ?

(1) कर्ष (2) माषा (माशा) (3) पल (4) रक्तिका

10. Match list I with list II and give the correct answer choosing from the code given below the lists :

| List I | List II |
|---|---|
| A. Chandragupta | 1. Piyadasi |
| B. Bindusar | 2. Sandrocottas |
| C. Ashoka | 3. Amitraghaat |
| D. Chanakya | 4. Vishnugupta |

| Code: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (2) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (3) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (4) | 3 | 4 | 2 | 1 |

सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. चंद्रगुप्त | 1. पियदासि |
| B. बिन्दुसार | 2. सैण्ड्रोकोट्टस |
| C. अशोक | 3. अमित्रघात |
| D. चाणक्य | 4. विष्णुगुप्त |

| कूट : | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (2) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (3) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (4) | 3 | 4 | 2 | 1 |



collegedunia
India's largest Student Review Platform

11. The commercial superintendent of the Mauryan period was :

(1) Sita-adhyaksha (2) Pauta-adhyaksha

(3) Shukla-adhyaksha (4) Panya-adhyaksha

मौर्य-काल का वाणिज्यिक अधीक्षक कहलाता था :

(1) सीताध्यक्ष (2) पौताध्यक्ष

(3) शुक्लाध्यक्ष (4) पण्याध्यक्ष

12. The administrative language of the Satvahanas was :

(1) Prakrit (2) Sanskrit (3) Tamil (4) Telugu

सातवाहनों की शासकीय भाषा थी :

(1) प्राकृत (2) संस्कृत (3) तामिल (4) तेलुगु

13. Which one of the following is not correct about the Sunga-art ?

(1) Jatak stories are depicted.

(2) 'Lok-Dham' is depicted.

(3) Buddha's life is depicted.

(4) Buddha is depicted as a human-being.

शुंग-कला के विषय में निम्नलिखित में से कौन एक सही नहीं है ?

(1) इसमें जातक कथाओं का अंकन है।

(2) इसमें 'लोकधर्म' का अंकन है।

(3) इसमें बुद्ध के जीवन का अंकन है।

(4) इसमें बुद्ध का मनुष्यरूप में अंकन किया गया है।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

14. Which one of the following is not true about the Sunga dynasty ?

(1) It began to rule in 185 B.C.E.

(2) 'Manusmiti' was written in this period.

(3) Pushyamitra Sunga, its founder was not a Mauryan general.

(4) They patronized Brahmanism or Bhagvatism.

शुंग राजवंश के विषय में निम्नलिखित में से क्या एक सही नहीं है ?

(1) इसने 185 बी.सी.ई. में शासन प्रारम्भ किया ।

(2) इसी काल में 'मनुस्मृति' की रचना हुई थी ।

(3) पुष्यमित्र शुंग, इस बंश का संस्थापक मौर्य सेनापति नहीं था ।

(4) वे ब्राह्मणवाद अथवा भागवतवाद के प्रश्रयदाता थे ।

15. Which among the following is not matched correctly ?

(1) Mahabhasya—Patanjali

(2) Natyashastra—Bharat

(3) Kamsutra—Vatsayayan

(4) Buddhacharita—Bhaas

निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(1) महाभाष्य—पतंजलि

(2) नाट्यशास्त्र—भरत

(3) कामसूत्र—वात्सायन

(4) बुद्धचरित—भास





collegedunia India's largest Student Review Platform

16. Who was Gautami Balashree, the person responsible for the 'Nasik Prasasti' ?

(1) Widow of Gautamiputra Satkarni

(2) Mother of Gautamiputra Satkarni

(3) Sister of Gautamiputra Satkarni

(4) Daughter of Gautamiputra Satkarni

'नासिक प्रशस्ति' के लिए उत्तरदायी गौतमी बालाश्री कौन थी ?

(1) गौतमीपुत्र शतकर्णी की विधवा

(2) गौतमीपुत्र शतकर्णी की माँ

(3) गौतमीपुत्र शतकर्णी की बहन

(4) गौतमीपुत्र शतकर्णी की पुत्री

17. Who among the following foreign travellers visited India in the seventh century C.E. ?

(1) Al-Beruni (2) Fa-hien (3) Itsing (4) Suleiman

निम्नलिखित विदेशी यात्रियों में से कौन सातवीं शताब्दी सी.ई. में भारत आया था ?

(1) अल-बेरूनी (2) फाह्यान (3) इत्सिंग (4) सुलेमान

18. Which among the following guilds have been mentioned in Mandsaur inscription of Kumargupta ?

(1) Horse-traders' (2) Oil-drillers'

(3) Potters' (4) Weavers'

कुमारगुप्त के मंदसौर अभिलेख में निम्नलिखित संघों (गिल्ड्स) का उल्लेख प्राप्त होता है :

(1) अश्व-व्यापारियों के (2) तैलिकों के

(3) कुम्भकारों के (4) तन्तुवाय के



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

19. Who among the following Smriti-writers mentions about the slave-system the most ?

(1) Manu (2) Yagyavalkya (3) Naarad (4) Brihaspati

निम्नलिखित स्मृतिकारों में से किसने दास प्रथा का उल्लेख सर्वाधिक किया है ?

(1) मनु (2) याज्ञवल्क्य (3) नारद (4) बृहस्पति

20. In which one of the following fields was Brahmagupta famous ?

(1) Mathematics (2) Medicine (3) Poetry (4) Philosophy

निम्नलिखित में से किस विधा के क्षेत्र ब्रह्मगुप्त की प्रसिद्धि थी ?

(1) गणित (2) चिकित्सा (3) कविता (4) दर्शन

21. In the Golden coins of which ruler would you find the percentage of base metal's mixture the highest ?

(1) Chandragupta I (2) Chandragupta II

(3) Skandagupta (4) None of the above.

किस शासक के स्वर्ण सिक्कों में हीन धातु के मिश्रण का प्रतिशत सर्वाधिक है ?

(1) चंद्रगुप्त I (2) चंद्रगुप्त II

(3) स्कंदगुप्त (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं।





collegedunia
India's largest Student Review Platform

22. Which one of the following temples was not built during the Gupta period ?

(1) Tigwa (Visnu) (2) Devgarh (Dashavtar)

(3) Bhitargaon (brick temple) (4) Kandariya Mahadeva

निम्नलिखित मन्दिरों में से कौन एक गुप्तकालीन निर्मिति नहीं है ?

(1) तिगवा (विष्णु) (2) देवगढ़ (दशावतार)

(3) भीतरगाँव (ईंटों का मंदिर) (4) कन्दरिया महादेव मंदिर

23. Which of the following works is authored by Ballal Sen ?

(1) Daan Sagar (2) Krityakalptaru

(3) Mansollas (4) Samrangan-Sutradhar

बल्लाल सेन ने निम्नलिखित में से किस ग्रन्थ की रचना की थी ?

(1) दान सागर (2) कृत्यकल्पतरु

(3) मानसोल्लास (4) समरांगन-सूत्रधार

24. Who had the world-famous Khajuraho temples built ?

(1) Pratiharas (2) Pusyabhutis

(3) Chandels (4) Tomars

खजुराहो के विश्व-प्रसिद्ध मंदिरों का निर्माण किसने करवाया था ?

(1) प्रतिहारों ने (2) पुष्यभूतियों ने

(3) चंदेलों ने (4) तोमरों ने



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

25. Which among the following powers was <u>not</u> involved in the triangular struggle for control over Kannauj city ?

(1) Cholas (2) Rashtrakutas

(3) Palas (4) Gurjara-Pratiharas

निम्नलिखित शक्तियों में से कौन कन्नौज नगर पर अधिकार हेतु त्रिकोणीय संघर्ष में सम्मिलित <u>नहीं</u> था ?

(1) चोल (2) राष्ट्रकूट

(3) पाल (4) गुर्जर–प्रतिहार

26. Who was the first Chola ruler to have conquered Maldives ?

(1) Rajaraj I (2) Rajendra I

(3) Rajadhiraj (4) Rajendra II

मालदीव पर विजय प्राप्त करने वाला प्रथम चोल शासक कौन था ?

(1) राजराज I (2) राजेन्द्र I

(3) राजाधिराज (4) राजेन्द्र II

27. In which of the following Sanskrit works do you find an account of latter Pala-rulers' history ?

(1) Prabandh-Cintamani (2) Ram-Charit

(3) Sukrit-Sankirtan (4) Vikramank Dev-Charit

निम्नलिखित में से किस संस्कृत ग्रंथ में परवर्ती पालों के इतिहास का वर्णन मिलता है ?

(1) प्रबंध–चिंतामणि (2) राम चरित

(3) सुकृत–संकीर्तन (4) विक्रमांक देव–चरित



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**28.** Which one of the following is not written by Harsha ?

(1) Ratnavali
(2) Priyadarshika
(3) Naganand
(4) Harsha-Charit

निम्नलिखित में से कौन एक हर्ष द्वारा रचित नहीं है ?

(1) रत्नावली
(2) प्रियदर्शिका
(3) नागानन्द
(4) हर्ष–चरित

**29.** Which one of the following is not true about Qutub-uddin Aibak ?

(1) He was the first Turkish ruler of India.

(2) He built Adhai Din ka Jhopda.

(3) He made Delhi his capital.

(4) He began the construction of Qutub Minar.

कुत्बुद्दीन ऐबक के विषय में निम्नलिखित में से क्या एक सही नहीं है ?

(1) वह भारत का प्रथम तुर्की शासक था ।

(2) उसने अढ़ाई दिन का झोपड़ा का निर्माण करवाया था ।

(3) उसने दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया था ।

(4) उसने कुतुब मीनार का निर्माण–कार्य प्रारम्भ किया था ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**30.** The governor of Bengal to have rebelled against Balban was :

(1) Ali Mardan Khan (2) Ghiyasuddin

(3) Tughril Khan (4) Sher Khan

बलबन के विरूद्ध विद्रोह करने वाला बंगाल का गवर्नर था :

(1) अली मर्दन खाँ (2) गियासुद्दीन

(3) तुघरिल खाँ (4) शेर खाँ

**31.** Who was the founder of the Khalji dynasty ?

(1) Ikhtiyaruddin Khalji (2) Husamuddin Aivaz Khalji

(3) Alauddin Khalji (4) Jalaluddin Firoz Khalji

खलजी वंश का संस्थापक कौन था ?

(1) इख्तियारुद्दीन खलजी (2) हुसामुद्दीन ऐवाज खलजी

(3) अलाउद्दीन खलजी (4) जलालुद्दीन फिरोज़ खलजी

**32.** Which one of the Southern states was not conquered by the armies of Alauddin Khalji ?

(1) Devagiri (2) Warangal (3) Dwarsamudra (4) Maabar

दक्षिण राज्यों में से कौन एक अलाउद्दीन ख़लजी की सेनाओं द्वारा विजित नहीं हुआ था ?

(1) देवगिरी (2) वारंगल (3) द्वारसमुद्र (4) माबार



(Continued)

collegedunia India's largest Student Review Platform

33. Which Sultan imposed 'Ghari' (house tax) and 'Chari' (grassing-tax) ?

(1) Iltutmish
(2) Balban
(3) Alauddin Khalji
(4) Mohammad Tughlaq

किस सुल्तान ने 'घरी' (गृह-कर) एवं 'चरी' (चारागाह-कर) लगाए थे ?

(1) इल्तुतमिश
(2) बलबन
(3) अलाउद्दीन ख़लजी
(4) मोहम्मद तुगलक

34. Which of the following is true about Mohammad Tughlaq ?

A. He played Holi

B. He drank Ganga-jal (Ganges water)

C. He visited temples.

Choose the correct answer from the code given below :

(1) A, B and C are all correct
(2) Only B and C are true
(3) Only A is correct
(4) Only C is correct

मोहम्मद तुगलक के विषय में निम्नलिखित में से क्या सही है ?

A. उसने होली खेली थी

B. वह गंगाजल पीता था

C. वह मंदिरों में गया था

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A, B तथा C सब सही हैं
(2) मात्र B एवं C सही हैं
(3) मात्र A सही है
(4) मात्र C सही है



collegedunia
India's largest Student Review Platform

35. Which Sultan of Delhi established the Agriculture Department or the 'Diwan-i-Amir Kohi' ?

(1) Iltutmish (2) Balban

(3) Alauddin Khalji (4) Mohammad Tughlaq

दिल्ली के किस सुल्तान ने कृषि विभाग या 'दीवाने अमीरे कोही' की स्थापना की थी ?

(1) इल्तुतमिश (2) बलबन

(3) अलाउद्दीन खुलजी (4) मोहम्मद तुगलक

36. What is the correct chronological order of the ambitions schemes of Mohammad Tughlaq ?

(*i*) Increase in Taxation in Doab

(*ii*) Transfer of capital

(*iii*) Issuance of the Token Currency

(1) (*i*), (*ii*) and (*iii*) (2) (*ii*), (*iii*) and (*i*)

(3) (*ii*), (*i*) and (*iii*) (4) (*iii*), (*i*) and (*ii*)

मोहम्मद तुगलक की महत्वाकांक्षी योजनाओं का सही कालक्रम क्या है ?

(*i*) दोआब में कर-वृद्धि

(*ii*) राजधानी परिवर्तन

(*iii*) सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन

(1) (*i*), (*ii*) एवं (*iii*) (2) (*ii*), (*iii*) एवं (*i*)

(3) (*ii*), (*i*) एवं (*iii*) (4) (*iii*), (*i*) एवं (*ii*)



(*Continued*)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

37. Which medieval ruler began the granting of 'jagirs' ?

(1) Iltutmish (2) Alauddin Khalji

(3) Mohammad Tughlaq (4) Firoz Tughlaq

किस मध्ययुगीन शासक ने 'जागीर' प्रदत्त करना प्रारम्भ किया था ?

(1) इल्तुतमिश (2) अलाउद्दीन खलजी

(3) मोहम्मद तुगलक (4) फ़िरोज़ तुगलक

38. When did Timur's invade and devastate Delhi ?
तैमूर ने कब दिल्ली पर आक्रमण करके, उसे विनष्ट किया था ?

(1) 1392 (2) 1394 (3) 1396 (4) 1398

39. Which medieval ruler said 'kingship is kinship' ?

(1) Alauddin Khalji (2) Mohammad Tughlaq

(3) Bahlol Lodi (4) Ibrahim Lodi

किस मध्यकालीन शासक ने कहा कि, 'राजत्व ही बन्धुत्व है' ?

(1) अलाउद्दीन खलजी (2) मोहम्मद तुगलक

(3) बहलोल लोदी (4) इब्राहिम लोदी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

40. Which pair of medieval rulers repaired the 'Shamsi Hauz' built by Iltutmish ?

(1) Raziya and Nasiruddin Mahmud

(2) Raziya and Balban

(3) Alauddin Khalji and Ghiyasuddin Tughlaq

(4) Alauddin Khalji and Firoz Tughlaq

इल्तुतमिश द्वारा निर्मित 'शम्सी हौज' की मध्यकालीन शासकों के किस युग्म ने मरम्मत करवाई थी ?

(1) राज़िया एवं नसीरुद्दीन महमूद

(2) राज़िया एवं बलबन

(3) अलाउद्दीन खलजी एवं ग्यासुद्दीन तुगलक

(4) अलाउद्दीन खलजी एवं फ़िरोज़ तुगलक

41. Which <u>one</u> of the following was <u>not</u> a work of Amir Khusrau ?

(1) Tarikh-i-Alai (2) Tughlaq Namah

(3) Fatwa-i-Jahandari (4) Nuh Sipihr

निम्नलिखित में से कौन <u>एक</u> अमीर खुसरो की कृति <u>नहीं</u> है ?

(1) तारीख़-ए-अलाई (2) तुगलक़ नामा

(3) फ़तवा-ए-जहाँदारी (4) नूह-ए-सिफ़्र



collegedunia
India's largest Student Review Platform

42. With which Sufi Saint do you associate the famous saying 'Hanuz, Dilli Door Ast !' ?

(1) Sheikh Nizamuddin Auliya (2) Sheikh Salim Chisti

(3) Sheikh Moinuddin Chisti (4) Sheikh Nasiruddin

किस सूफी संत के साथ आप प्रसिद्ध वाक्य 'हनूज दिल्ली दूर अस्त' को संबद्ध करते हैं ?

(1) शेख़ निज़ामुद्दीन औलिया (2) शेख़ सलीम चिश्ती

(3) शेख़ मुईनुद्दीन चिश्ती (4) शेख़ नसीरुद्दीन

43. Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(1) Chand Bardai—Prithviraj Raso

(2) Narpati Nath—Bisal Deo Raso

(3) Jagnak—Aalha-khand

(4) Abdur Rehman—Hamir Raso (Kavya)

निम्नलिखित युग्मों में से कौन एक सुमेलित नहीं है ?

(1) चंद बरदाई—पृथ्वीराज रासो

(2) नृपति नाथ—बिसल देव रासो

(3) जगनक—आल्हा-खण्ड

(4) अब्दुर रहमान—हमीर रासो (काव्य)



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

44. Which one of the following is not true regarding the non-introduction of administrative reforms by Babar in India ?

(1) His reforms had been unpopular in Kabul, he did not want to repeat it.

(2) He ruled very briefly for just four years.

(3) His years in India were spent in wars.

(4) He wanted the Afghans to continue as war-lords.

बाबर द्वारा भारत में प्रशासनिक सुधार न करने के निम्नलिखित कारणों में से कौन सही नहीं है ?

(1) उसके सुधार काबुल में अलोकप्रिय रहे थे, वह इसकी पुनरावृत्ति नहीं चाहता था ।

(2) उसने अल्पावधि अर्थात् मात्र चार वर्षों तक शासन किया था ।

(3) भारत में उसका समय सिर्फ युद्धों में व्यतीत हुआ ।

(4) वह चाहता था कि, आफगान क्षेत्रीय युद्ध या सैन्य-सरदारों के रूप में चलते रहें ।

45. In which of the following works do we come across Humayun's interest in astronomy and astrology ?

(1) Humayun-Namah

(2) Canun-i-Humayuni

(3) Akbar Namah

(4) Tarikh-i-Rashidi

निम्नलिखित कृतियों में से किसमें हमें हुमायूँ की खगोल एवं ज्योतिष की दिलचस्पी के विषय में पता चलता है ?

(1) हुमायूँ नामा

(2) कानून-ए-हुमायूँनी

(3) अकबर नामा

(4) तारीख-ए-रशीदी



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

46. Against which 'uily Afghan' did Babar warn Humayun ?

(1) Sher Shah
(2) Mahmud Lodi
(3) Bahadur Shah
(4) Azam Humayun Sarwani

किस 'शातिर अफ़गान' से सतर्क रहने के लिए बाबर ने हुमायूँ को चेताया था ?

(1) शेरशाह
(2) महमूद लोदी
(3) बहादुर शाह
(4) आज़म हुमायूँ सरवानी

47. Who was '<u>Qazi fasilat</u>' during Sher Shah's reign ?

(1) Qazi of Bengal
(2) Governor of Bengal
(3) Chief Qazi of the Sultanate
(4) Wazir

शेरशाह के शासन-काल में '<u>काज़ी फसीलत</u>' कौन था ?

(1) बंगाल का काज़ी
(2) बंगाल का गवर्नर
(3) सुल्तनत का मुख्य काज़ी
(4) वज़ीर

48. In which regnal year did Akbar introduce 'Zat' and 'Sawar' ranks in the 'mansabdari system' ?

(1) 30th Regnal Year
(2) 34th Regnal Year
(3) 36th Regnal Year
(4) 40th Regnal Year

अकबर ने किस शासन वर्ष में 'ज़ात' एवं 'सवार' पद मनसबदारी व्यवस्था के अन्तर्गत प्रारम्भ किए थे ?

(1) 30 वें शासन-वर्ष में
(2) 34 वें शासन-वर्ष में
(3) 36 वें शासन-वर्ष में
(4) 40 वें शासन-वर्ष में



collegedunia
India's largest Student Review Platform

49. Consider the following events of Akbar's reign and arrange them chronologically, choosing the correct answer from the codes given below :

A. Uzbeg Rebellion

B. Introduction of 'Dagh' system

C. Conquest of Kashmir

Code :

(1) A, B, C (2) B, C, A

(3) C, B, A (4) C, A, B

अकबर के शासन–काल की निम्नलिखित घटनाओं को उनके सही कालक्रम में लगाते हुए, सही उत्तर का चयन उसके नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

A. उज़्बेग विद्रोह

B. 'दाग' व्यवस्था प्रारम्भ

C. कश्मीर की विजय

कूट :

(1) A, B, C (2) B, C, A

(3) C, B, A (4) C, A, B

50. Who among the following was the first English merchant to reach the Mughal Court ?

(1) William Hawkins (2) Ralph Fitch

(3) Sir Thomas Roe (4) Pietra Della Vella

निम्नलिखित आंग्ल व्यापारियों में से मुग़ल दरबार में सर्वप्रथम कौन पहुँचा था ?

(1) विलियम हॉकिन्स (2) राल्फ फ़िच

(3) सर टॉमस रो (4) पीट्रा डेला वैला

(Continued)



collegedunia
India's largest Student Review Platform

51. Who was the envoy of the British King James I at Jahangir's court ?

(1) William Hawkins (2) William Finch

(3) Ralph Fitch (4) Edward Terry

जहाँगीर के दरबार में ब्रिटिश शासक जेम्स प्रथम का दूत कौन था ?

(1) विलियम हॉकिन्स (2) विलियम फ्रिन्च

(3) राल्फ़ फ़िच (4) एडवर्ड टैरी

52. Of the following Forts which was <u>not</u> built by Akbar ?

(1) Agra (2) Lahore (3) Allahabad (4) Delhi

निम्नलिखित दुर्गों में से कौन अकबर द्वारा निर्मित <u>नहीं</u> था ?

(1) आगरा (2) लाहौर (3) इलाहाबाद (4) दिल्ली

53. Which Mughal Emperors dismissed the chief Sadr ?

A. Babar B. Akbar C. Jahangir D. Aurangzeb

(1) Only B is correct. (2) Only D is correct.

(3) B and D are correct. (4) B and C are correct.

किन मुगल बादशाहों ने प्रमुख सदर को निलम्बित किया था ?

A. बाबर B. अकबर C. जहाँगीर D. औरंगज़ेब

(1) केवल B सही है। (2) केवल D सही है।

(3) B एवं D दोनों सही हैं। (4) B एवं C सही हैं।



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

54. Which one of the following is not true about the Mughal Mansabdari system ?

(1) There were 33 divisions.

(2) They were granted 'Mashrut' ranks.

(3) The Sawar rank was equal to or less than the Zat rank.

(4) They were hereditary officers.

निम्नलिखित में से कौन एक मुगल मंसबदारी व्यवस्था के संदर्भ में सही नहीं है ?

(1) इसमें 33 वर्ग थे ।

(2) उन्हें 'मशरूत' पद प्रदान किए जा सकते थे ।

(3) सवार पद, ज़ात पद के बराबर अथवा उससे कम होता है ।

(4) वे वंशानुगत (वंशीय) अधिकारी थे ।

55. When did Akbar begin the regular pilgrimage to the shrine of Khwaja Moinuddin Chisti (Ajmer) ?
ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती (अजमेर) की नियमित तीर्थयात्रा अकबर ने कब प्रारम्भ की थी ?

(1) 1562 (2) 1563 (3) 1564 (4) 1565

56. Which of the following Maratha leaders accepted the 'Subsidiary Alliance' ?

(1) Nana Fadnan's
(2) Peshwa Baji Rao II
(3) Holkars
(4) Bhonsales

निम्नलिखित मराठा नेताओं ने 'सहायक संधि' स्वीकार की थी ?

(1) नाना फड़नवीस
(2) पेशवा बाजी राव II
(3) होल्कर
(4) भोंसले



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**57.** The first capital of Awadh Nawabs was :

(1) Lucknow (2) Kakoni

(3) Faizabad (4) Mohammadabad

अवध के नवाबों की प्रथम राजधानी थी :

(1) लखनऊ (2) काकोनी

(3) फ़ैज़ाबाद (4) मोहम्मदाबाद

**58.** Who established the state of Hyderabad ?

(1) Zulfiqar Khan (2) Chin Qulij Khan

(3) Nasir Jung (4) Muzaffar Jung

हैदराबाद राज्य की स्थापना किसने की थी ?

(1) जुल्फिकार खाँ (2) चिन कुलिज खाँ

(3) नासिर जंग (4) मुजफ्फर जंग

**59.** Which one of the social reforms was not implemented by Tipu Sultan ?

(1) Prohibiting Child Marriage (2) Curtailing Marriage Expenses

(3) Prohibiting Drinking (4) Prohibiting Prostitution

निम्नलिखित सामाजिक सुधारों में से कौन एक टीपू सुल्तान द्वारा क्रियान्वित नहीं हुआ था ?

(1) बाल-विवाह पर प्रतिबंध (2) वैवाहिक खर्चे पर नियंत्रण

(3) मद्य-निषेध (4) वेश्या-वृत्ति निषेध



collegedunia
India's largest Student Review Platform

60. Prior to Calcutta which was the biggest locality of the English in Bengal ?

(1) Qasim Bazar (2) Chatagaon

(3) Hugli (4) Murshidabad

कलकत्ता से पूर्व बंगाल में अंग्रेजों की सबसे बड़ी बस्ती कौन सी थी ?

(1) कासिम बाजार (2) चटगाँव

(3) हुगली (4) मुर्शिदाबाद

61. What was the percentage of the land revenue claimed by the East India Company after the 'permanent settlement' (from the Zamindars) ?

'स्थायी बन्दोबस्त' के उपरान्त ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा (जमींदारों से) भू-राजस्व का कितना प्रतिशत वसूला गया था ?

(1) 50% (2) 66% (3) 75% (4) 89%

62. Where was the first English factory established ?

(1) In Surat (2) In Masulipattanam

(3) In Hugli (4) In Madras

प्रथम आंग्ल फैक्ट्री कहाँ स्थापित हुई थी ?

(1) सूरत में (2) मसुलीपत्तनम् में

(3) हुगली में (4) मद्रास में



*(Continued)*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

63. Who among the following gave the Diwani rights of Bengal, Bihar and Orissa to the English ?

(1) Shah Alam II
(2) Mir Zafar
(3) Mir Qasim
(4) Nazmudaullah

निम्नलिखित में से किसने अंग्रेजों को बंगाल, बिहार एवं उड़ीसा के दीवानी अधिकार प्रदान किए थे ?

(1) शाह आलम II
(2) मीर ज़ाफ़र
(3) मीर कासिम
(4) नज्मुद्दौला

64. Who abolished the Dyarchy in Bengal ?

(1) Robert Clive
(2) Warren Hastings
(3) Lord Cornwallis
(4) Lord Wellesley

बंगाल में दोहरे शासन का अन्त किसने किया था ?

(1) रॉबर्ट क्लाईव
(2) वॉरेन हेस्टिंग्ज़
(3) लॉर्ड कॉर्नवॉलिस
(4) लॉर्ड वैलेज़ली

65. Who established the first French factory in India ?

(1) Colbert
(2) Dumas
(3) Dupleix
(4) Swartz

भारत में प्रथम फ्रांसीसी कम्पनी किसने स्थापित की थी ?

(1) कॉलबर्ट
(2) ड्यूमास
(3) डुप्ले
(4) स्वार्त्स

66. Where in Bengal did the Dutch establish their first centre ?

(1) In Calcutta
(2) In Chinsura
(3) In Serampore
(4) In Balasore

बंगाल में डच-वासियों ने अपना प्रथम केन्द्र कहाँ स्थापित किया था ?

(1) कलकत्ता में
(2) चिन्सुरा में
(3) सीरामपुर में
(4) बालासोर में

67. Of the following which one was not in Portuguese possession ?

(1) Daman
(2) Bassein
(3) Masulipattnam
(4) Hugli

निम्नलिखित में से कौन एक पर्तुगाली अधिकार में नहीं था ?

(1) दमन
(2) बसीन
(3) मसुलीपत्तनम
(4) हुगली

68. When was the Anglo-Maratha Surat Pact (Treaty) signed ?
आंग्ल-मराठा सूरत संधि पर कब हस्ताक्षर हुए थे ?

(1) 1775 (2) 1777 (3) 1778 (4) 1779



*(Continued)*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

69. Of the following which was the first state to sign the 'Subsidiary Alliance' ?

(1) Surat (2) Hyderabad (3) Mysore (4) Awadh

निम्नलिखित राज्यों में सर्वप्रथम 'सहायक संधि' पर हस्ताक्षर करने वाला राज्य कौन सा था ?

(1) सूरत (2) हैदराबाद (3) मैसूर (4) अवध

70. Which Viceroy was responsible for formulation of the 'Famine Policy' ?

(1) Canning (2) Lytton (3) Ripon (4) Dufferin

कौन सा गवर्नर-जनरल 'अकाल नीति' को सूत्रबद्ध करने के लिए उत्तरदायी था ?

(1) कैनिंग (2) लिट्टन (3) रिपन (4) डफरीन

71. Between whom were the Carnatic wars fought ?

(1) English and Nawab of Karnatak

(2) French and Nawab of Karnatak

(3) English and Portuguese

(4) English and French

कर्नाटक युद्ध किनके मध्य लड़े गए थे ?

(1) अंग्रेजों एवं कर्नाटक के नवाब

(2) फ्रांसीसी एवं कर्नाटक के नवाब

(3) अंग्रेजों एवं पुर्तगालियों

(4) अंग्रेजों एवं फ्रांसीसियों



collegedunia
India's largest Student Review Platform

72. Where was the 'Ryotwari system' implemented first ?

(1) In Bengal and Bihar
(2) In United Provinces
(3) In Madras and Bombay
(4) In Calcutta

रैय्यतवाड़ी व्यवस्था सर्वप्रथम कहाँ लागू हुई थी ?

(1) बंगाल एवं बिहार में
(2) संयुक्त प्रान्त में
(3) मद्रास एवं बॉम्बे में
(4) कलकत्ता में

73. Who among the following was Lord Cornwallis advisor of Judicial reforms ?

(1) Jonathan Duncan
(2) Charles Grant
(3) James Grant
(4) Sir William Jones

लॉर्ड कॉर्नवॉलिस के न्यायिक सुधारों में उनका सलाहकार, निम्नलिखित में से कौन था ?

(1) जोनाथन डन्कन
(2) चार्लस ग्रान्ट
(3) जेम्स ग्रान्ट
(4) सर विलियम जोन्स

74. Who began the 'Tattvabodhini Sabha' ?

(1) Devendranath Tagore
(2) Ram Mohan Roy
(3) Radhakant Dev
(4) Dwarkanath Tagore

'तत्वबोधिनी सभा' किसने प्रारम्भ किया ?

(1) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(2) राममोहन राय
(3) राधाकान्त देव
(4) द्वारिकानाथ टैगोर



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

75. Which one of the following prohibited 'Sati' ?

(1) Regulation XIV of 1829 (2) Regulation XV of 1829

(3) Regulation XVI of 1829 (4) Regulation XVII of 1829

निम्नलिखित में से किसके द्वारा 'सती' प्रतिबन्धित हुई थी ?

(1) 1829 का रेग्यूलेशन XIV (2) 1829 का रेग्यूलेशन XV

(3) 1829 का रेग्यूलेशन XVI (4) 1829 का रेग्यूलेशन XVII

76. Who said : 'Lets Go back to the Vedas' ?

(1) Raja Rammohan Roy (2) Dayanand Saraswati

(3) Vivekananda (4) Ramkrishna Paramhansa

किसने कहा था : 'वेदों की ओर लौटों' ?

(1) राजा राम मोहन रॉय (2) दयानन्द सरस्वती

(3) विवेकानन्द (4) रामकृष्ण परमहंस

77. Who was the main leader of 'Young Bengal Movement' ?

(1) Keshav Chandra Sen (2) Henry William Derizio

(3) Surendranath Banerjee (4) Raja Rammohan Roy

'यंग बंगाल आन्दोलन' का प्रमुख नेता कौन था ?

(1) केशवचंद्र सेन (2) हेनरी विलियम डेरिजियो

(3) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (4) राजा राममोहन रॉय



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**78.** Who began the magazine 'Bahiskrit Bharat' ?

(1) M. K. Gandhi (2) B. R. Ambedkar

(3) Mahatma Jyoti Phule (4) Bhanda ji

'बहिष्कृत भारत' पत्रिका किसने प्रारम्भ की थी ?

(1) एम के गाँधी (2) बी आर अम्बेडकर

(3) महात्मा ज्योति फुले (4) भन्दा जी

**79.** Hunter Commission stressed on the development of :

(1) Primary Education (2) Higher Education

(3) Adult Education (4) Technical Education

हण्टर आयोग ने जिसके विकास पर जोर दिया, वह थी :

(1) प्राथमिक शिक्षा (2) उच्च शिक्षा

(3) प्रौढ़ शिक्षा (4) तकनीकि शिक्षा

**80.** Which Indian leader opposed the prohibition of Sati ?

(1) Radha Kant Deb (2) Devendra Nath Tagore

(3) Keshav Chandra Sen (4) Raja Rammohan Roy

किस भारतीय नेता ने सती प्रतिबन्ध का विरोध किया था ?

(1) राधाकान्त देव (2) देवेन्द्र नाथ टैगोर

(3) केशव चंद्र सेन (4) राजा राममोहन रॉय



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

81. Who was the first Muslim President of the Indian National Congress ?

(1) Abul Qalam Azad
(2) Badruddin Tayyabji
(3) Rafi Ahmed Kidwai
(4) Hakim Ajmal Khan

भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस का प्रथम मुसलिम अध्यक्ष कौन था ?

(1) अबुल कलाम आजाद
(2) बद्रुद्दीन तैय्यबजी
(3) रफी अहमद किदवई
(4) हाकिम अजमल खाँ

82. From which session of the Indian National Congress did the Government's attitude towards it started hardening ?

(1) Allahabad (1888)
(2) Varanasi (1905)
(3) Calcutta (1886)
(4) Lahore (1909)

भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के किस अधिवेशन से सरकार का रवैया उसके पाते सख्त होने लगा था ?

(1) इलाहाबाद (1888)
(2) वाराणसी (1905)
(3) कलकत्ता (1886)
(4) लाहौर (1909)

83. Who was the father of Muslim Renaissance in Bengal ?

(1) Sir Syyed Ahmed Khan
(2) Ameer Ali
(3) Nawab Abdul Latif Khan
(4) Nawab Samiullah Khan

बंगाल में मुसलिम पुनर्जागरण का जनक कौन था ?

(1) सर सैय्यद अहमद खाँ
(2) अमीर अली
(3) नवाब अब्दुल लतीफ़ खाँ
(4) नवाब समीउल्लाह खाँ





collegedunia
India's largest Student Review Platform

84. Who was the first President of the Muslim League ?

(1) Salimullah Khan (2) Aga Khan

(3) Mushtaq Hussain (4) Sir Syyed Ahmad Khan

मुसलिम लीग का प्रथम अध्यक्ष कौन था ?

(1) सलीमुल्ला खाँ (2) आगा खाँ

(3) मुश्ताक़ हुसैन (4) सर सैय्यद अहमद खाँ

85. Who among the following was called 'India's Gladstone' ?

(1) Bipin Chandra Pal (2) G. K. Gokhale

(3) Dada Bhai Naoroji (4) S. N. Banerjee

निम्नलिखित में से किसे 'भारतीय ग्लैडस्टोन' कहा जाता था ?

(1) बिपिन चन्द्र पाल (2) जी. के. गोखले

(3) दादाभाई नौरोजी (4) एस. एन. बनर्जी

86. Who had supported Mahatma Gandhi's 'Non-Cooperation Proposal' at the special session of the Congress at Calcutta in 1920 ?

(1) C. R.. Das (2) M. M. Malviya

(3) B. C. Pal (4) M. L. Nehru

1920 के कांग्रेस के विशेष अधिवेशन कलकत्ता में, महात्मा गाँधी के 'असहयोग प्रस्ताव' का किसने समर्थन किया था ?

(1) सी. आर. दास (2) [illegible]

(3) बी. सी. पाल (4) एम. एल. नेहरू



(Continued)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

87. Who among the following did not face trial in the famous 'Kakori Case' ?

(1) Ashfaqeullah Khan (2) Chandrashekhar Azad

(3) Rajendra Lahiri (4) Roshan Singh

निम्नलिखित में से किसने 'काकोरी काण्ड' में मुकदमें का सामना नहीं किया था ?

(1) अश्फ़ाकुल्लाह खाँ (2) चन्द्रशेखर आज़ाद

(3) राजेन्द्र लाहिड़ी (4) रोशन सिंह

88. Who took up the leadership of 'Salt Satyagraha' once Gandhiji was imprisioned ?

(1) Vallabhbhai Patel (2) Jawaharlal Nehru

(3) Vinoba Bhave (4) Abbas Tayyabji

गाँधीजी के गिरफ्तार होने के उपरान्त 'नमक सत्याग्रह' का नेतृत्व किसने किया था ?

(1) वल्लभभाई पटेल (2) जवाहरलाल नेहरु

(3) विनोबा भावे (4) अब्बास तैय्यबजी

89. Who among the following was not a member of the Motilal 'Nehru Committee' ?

(1) Sir Tej Bahadur Sapru (2) Sir Ali Imam

(3) Subhash Chandra Bose (4) Arvind Ghose

निम्नलिखित में से कौन मोतीलाल नेहरू समिति' का सदस्य नहीं था ?

(1) सर तेज बहादुर सप्रू (2) सर अली इमाम

(3) सुभाष चन्द्र बोस (4) अरविन्द घोष



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

90. What is the correct chronological order of the following events ?

A. Lucknow Pact B. Gandhi-Irvin Pact C. Poona Pact

(1) A, C, B (2) B, A, C

(3) B, C, A (4) A, B, C

निम्नलिखित घटनाओं का सही कालक्रम क्या है ?

A. लखनऊ समझौता B. गाँधी–इर्विन समझौता C. पूना समझौता

(1) A, C, B (2) B, A, C

(3) B, C, A (4) A, B, C

91. When did Jawaharlal Nehru become the President of the Indian National Congress for the first time ?
जवाहरलाल नेहरु सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के अध्यक्ष कब बने थे ?

(1) 1921 (2) 1927 (3) 1929 (4) 1932

92. In which of the two places was the impact of Quit India Movement the most ?

A. In Midnapore B. In Ballia

C. In Amritsar D. In Surat

(1) C and D (2) B and C (3) A and B (4) B and D

किन दो स्थानों पर भारत छोड़ो आन्दोलन का सर्वाधिक प्रभाव रहा था ?

A. मिदनापुर में C. बलिया में

B. अमृतसर में D. सूरत में

(1) C एवं D (2) B एवं C (3) A एवं B (4) B एवं D



collegedunia
India's largest Student Review Platform

93. Who commented about the Cripps Proposal : 'It was a post-dated cheque on a crashing bank'?

(1) Abul Qalam Azad
(2) Jawaharlal Nehru
(3) Mohammad Ali Jinnah
(4) Mahatma Gandhi

किसने क्रिप्स प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया में कहा था : 'यह एक डूबते हुए बैंक पर अग्रिम तिथि का चेक था ।'

(1) अबुल कलाम आज़ाद
(2) जवाहर लाल नेहरु
(3) मोहम्मद अली जिन्ना
(4) महात्मा गाँधी

94. Who among the following led the group of advocates pleading for the soldiers of Indian National Army at the Red Fort in 1946 ?

(1) Bhula Bhai Desai
(2) Sir Tej Bahadur Sapru
(3) Kailash Nath Katju
(4) Jawaharlal Nehru

निम्नलिखित में से किसने 1946 में लाल किले में आजादहिन्द फौज के सिपाहियों के मुकदमें में वकीलों के समूह का नेतृत्व किया था ?

(1) भूलाभाई देसाई
(2) सर तेज बहादुर सप्रू
(3) कैलाश नाथ काटजू
(4) जवाहरलाल नेहरु



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

95. Arrange the following chronologically :

A. Rajgopalachari Formula B. Wavell Plan

C. Cabinet Mission D. Mountbatten Plan

(1) A, B, C, D (2) D, C, B, A

(3) D, C, A, B (4) C, B, D, A

निम्नलिखित का सही कालक्रम में लगाइए :

A. राजगोपालाचारी फॉर्मूला B. वेवल योजना

C. कैबिनट मिशन D. माउन्टबैटन योजना

(1) A, B, C, D (2) D, C, B, A

(3) D, C, A, B (4) C, B, D, A

96. Who was the President of the Indian National Congress during India's independence ?

(1) J. B. Kriplani (2) J. L. Nehru

(3) Maulana Abul Qalam Azad (4) Dr. Rajendra Prasad

भारत की स्वतंत्रता के समय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष कौन था ?

(1) जे. बी. कृपलानी (2) जे. एल. नेहरु

(3) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (4) डा. राजेन्द्र प्रसाद



*(Continued)*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

97. In which of the following frigate did the Indian Navy uprising began ?

(1) I.N.S. Virat (2) I.N.S. Crown

(3) I.N.S. Talwar (4) I.N.S. Vikrant

निम्नलिखित में से किस पोत से भारतीय नौसेना का विद्रोह प्रारम्भ हुआ था ?

(1) आई.एन.एस. विराट (2) आई.एन.एस. क्राउन

(3) आई.एन.एस तलवार (4) आई.एन.एस. विक्रान्त

98. Who among the following wrote the 'flag song', 'Jhanda uncha rahey hamara' ?

(1) Maithili Saran Gupta (2) Suryakant Tripathi 'Nirala'

(3) Makhanlal Chaturvedi (4) Shyamlal Gupta 'Parshad'

निम्नलिखित में से किसने 'झंडा गीत', 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' की रचना की थी ?

(1) मैथिलीशरण गुप्त (2) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(3) माखनलाल चतुर्वेदी (4) श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'

99. Who wrote 'Civilization of Renaissance in Italy' ?

(1) Jacob Burkharodt (2) Robert Lope

(3) A. Molho (4) F. J. Neithhammen

'सिविलाईज़ेशन ऑफ़ रिनेसाँ इन इटली' किसकी रचना थी ?

(1) जैकोब बुर्कहार्डोट (2) रॉबर्ट लोप

(3) ए. मोल्हो (4) [illegible]



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**100.** Monalisa was the work of :

(1) Raphael (2) Donatello

(3) Leonardo Da Vinci (4) Boticelli

मोनालीसा कृति थी :

(1) रेफियल की (2) दोनातेलो की

(3) लियोनार्डो दा विन्ची की (4) बोतिचेली की

**101.** The 'Society of Jesus' ('Jesuits') is associated with :

(1) Renaissance (2) Calvinism

(3) Catholic Reformation (4) Lutherism

'सोसाइटी ऑफ़ जीज़ज़' ('जेसुईट्स') सम्बद्ध हैं :

(1) पुनर्जागरण से (2) काल्विनवाद में

(3) कैथालिक धर्म-सुधार से (4) लूथरवाद से

**102.** Who was the ruler of Spain during the Revolt of Netherlands ?

(1) Philip I (2) Philip II

(3) Charles the Great (4) Duke of Alva

नीदरलैण्ड्स के विद्रोह के समय स्पेन का शासक कौन था ?

(1) फिलिप I (2) फिलिप II

(3) चार्ल्स महान (4) आल्वा का ड्यूक

*(Continued)*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

103. Who was the first Bourbon king in France ?

(1) Henry I (2) Henry III (3) Henry IV (4) Louis XIV

फ्रान्स में प्रथम बूर्बों वंशीय शासक कौन था ?

(1) हेनरी I (2) हेनरी III (3) हेनरी IV (4) लुई XIV

104. When was the Treaty of Westphalia signed ?
वेस्टफालिया की संधि पर कब हस्ताक्षर हुए थे ?

(1) 1642 (2) 1644 (3) 1646 (4) 1648

105. During whose reign was France engaged in the Seven Years' War ?

(1) Louis XIV (2) Louis XV (3) Louis XVI (4) Henry IV

किसके शासन-काल में फ्रांस ने सप्त-वर्षीय युद्ध लड़ा था ?

(1) लुई XIV (2) लुई XV (3) लुई XVI (4) हेनरी IV

106. Who among the following gave the theory of 'Separation and balance of power'?

(1) Locke (2) Rousseau (3) Montesquieu (4) Voltaire

निम्नलिखित में से किसने 'शक्ति के पृथक्करण एवं संतुलन' का सिद्धान्त दिया था ?

(1) लॉक (2) रूसो (3) मॉन्टेस्क्यू (4) वॉल्तेयर





collegedunia
India's largest Student Review Platform

107. Who was the ruler of France when the Revolution of 1830 began in July there ?

(1) Louis XIV (2) Louis XVI (3) Louis XVIII (4) Charles X

जब फ्रान्स में 1830 की क्रान्ति जुलाई में प्रारम्भ हुई तब वहाँ का शासक कौन था ?

(1) लुई XIV (2) लुई XVI (3) लुई XVIII (4) चार्ल्स X

108. Which one was not responsible for the British Industrial Revolution ?

(1) The Guild System
(2) Profit of Commercial Revolution
(3) British Colonization
(4) Efficient Financial Management

ब्रिटेन की औद्योगिक क्रान्ति के लिए कौन एक उत्तरदायी नहीं था ?

(1) श्रेणी व्यवस्था
(2) व्यवसायी क्रान्ति के लाभ
(3) ब्रिटिश औपनिवेशीकरण
(4) सक्षम वित्तीय प्रबंधन

109. Which Revolution of France is also known as the 'February Revolution' ?

(1) The Revolution of 1789
(2) The Revolution of 1830
(3) The Revolution of 1848
(4) All of the above.

किस फ्रांसीसी क्रान्ति को 'फरवरी क्रान्ति' भी कहा जाता है ?

(1) 1789 की क्रान्ति
(2) 1830 की क्रान्ति
(3) 1848 की क्रान्ति
(4) उपर्युक्त सभी ।

(Continued)



collegedunia
India's largest Student Review Platform

110. Who among the following was chronologically the first to begin Italian unification ?

(1) Mazzini
(2) Cavour
(3) Garibaldi
(4) Victor Emmanuel

इटली के एकीकरण को कालक्रम के अनुसार सर्वप्रथम प्रारम्भ करने वाला निम्नलिखित में से कौन था ?

(1) मैजिनी
(2) कावूर
(3) गैरीबाल्डी
(4) विक्टर इम्मैनुएल

111. By which Treaty did the Crimean War (1854-56) end ?

(1) Treaty of Moscow
(2) Treaty of London
(3) Treaty of Paris
(4) Treaty of Berlin

किस संधि से क्रीमिया युद्ध (1854-56) समाप्त हुआ ?

(1) मॉस्को की संधि
(2) लन्दन की संधि
(3) पेरिस की संधि
(4) बर्लिन की संधि

112. The 'Open Door Policy' of the U.S.A. was its :

(1) Finance Policy
(2) Policy towards Latin America
(3) Asian Policy
(4) African Policy

संयुक्त राज्य अमरीका की 'खुले द्वार की नीति' थी :

(1) वित्तीय नीति
(2) लातिन अमरीका नीति
(3) एशियाई नीति
(4) अफ्रीका नीति



(Turn Over)

collegedunia
India's largest Student Review Platform

113. Who was the last Emperor (Czar) of Russia before 1917 Revolution ?

(1) Michael (2) Alexander II (3) Nicholas I (4) Nicholas II

1917 की रूसी क्रान्ति से पूर्व रूस का अन्तिम सम्राट (जार) कौन था ?

(1) माईकल (2) एलेक्जैण्डर II (3) निकोलस I (4) निकोलस II

114. The Treaty concluded after the first Opium War was the :

(1) Treaty of Nanking (2) Treaty of Peking

(3) Treaty of Hong Kong (4) Treaty of Paris

प्रथम अफीम युद्ध के उपरान्त हुई संधि थी :

(1) नानकिंग की संधि (2) पीकिंग की संधि

(3) हाँग काँग की संधि (4) पेरिस की संधि

115. Which four Balkan states began the war against Turkey during the First Balkan War (1912) ?

(1) Bulgaria, Macedonia, Romania, Greece

(2) Bulgaria, Greece, Serbia, Montenegro

(3) Bulgaria, Serbia, Romania, Greece

(4) Macedonia, Romania, Bulgaria, Serbia

किन चार बाल्कन राज्यों ने तुर्की के विरुद्ध प्रथम बाल्कन युद्ध (1912) प्रारम्भ किया था ?

(1) बुल्गेरिया, मैसिडोनिया, रूमानिया, यूनान

(2) बुल्गेरिया, यूनान, सर्बिया, मौंटेनीग्रो

(3) बुल्गेरिया, सर्बिया, रूमानिया, यूनान

(4) मैसिडोनिया, रूमानिया, बुल्गेरिया, सर्बिया



collegedunia
India's largest Student Review Platform

116. Which is the correct chronological order of the Treaties ending the First World War ?

(1) Paris Peace Settlement, Treaty of Versailles, Treaty of Sevre.

(2) Treaty of Versailles, Paris Peace Settlement, Treaty of Sevre.

(3) Treaty of Versailles, Treaty of Sevre, Paris Peace Settlement.

(4) Treaty of Sevre, Paris Peace Settlement, Treaty of Versailles.

प्रथम विश्व युद्ध को समाप्त करने वाली संधियों का सही कालक्रम क्या था ?

(1) पेरिस शांति समझौता, वर्साय की संधि, सेव्रे की संधि ।

(2) वर्साय की संधि, पेरिस शांति समझौता, सेव्रे की संधि ।

(3) वर्साय की संधि, सेव्रे की संधि, पेरिस शांति समझौता ।

(4) सेव्रे की संधि, पेरिस शांति समझौता, वर्साय की संधि ।

117. Which country did not become a member of the league of Nations ?

(1) England

(2) France

(3) Spain

(4) United States of America

कौन सा देश राष्ट्र संघ का सदस्य नहीं बना ?

(1) इंग्लैण्ड

(2) फ्रांस

(3) स्पेन

(4) संयुक्त राज्य अमरीका





collegedunia
India's largest Student Review Platform

118. When did Mussolini assume power as a Fascist leader in Italy ?
एक फासिष्ट् (फासीवादी) नेता के रूप में इटली में मुसोलिनी कब सत्ता में आए ?

(1) 1920 (2) 1921 (3) 1922 (4) 1925

119. Which one of the following became the immediate cause of the beginning of the Second World war ?

(1) Assumption of power by Mussolini in Italy.

(2) Assumption of power by Hitler in Germany.

(3) The formation of Rome-Berlin-Tokyo axis.

(4) Hitler's invasion of Poland and its partition.

निम्नलिखित में से कौन द्वितीय विश्व-युद्ध के प्रारम्भ का तात्कालिक कारण बना ?

(1) इटली में मुसोलिनी द्वारा सत्ता हस्तगत करना ।

(2) जर्मनी में हिटलर का सत्ता में आना ।

(3) रोम-बर्लिन-टोक्यो धुरि का निर्माण ।

(4) पोलैण्ड पर हिटलर का आक्रमण एवं उसका विभाजन ।

120. Who among the following said and believed that 'Power flows from the band of the Gun' ?

(1) Chiang Kai Shek (2) Mao Tse Tung

(3) Lenin (4) Chou En lai

निम्नलिखित में से किसने कहा कि 'सत्ता बन्दूक की नली से प्रवाहित होती है' एवं उस पर विश्वास भी किया ?

(1) च्यांग काई शेक (2) माओत्से तुंग

(3) लेनिन (4) चाऊ एन लाई





collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## ROUGH WORK

### रफ़ कार्य

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

**(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण-पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली या काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)**

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 30 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त*, लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।

3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा, केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।

4. अपना *अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से* निर्धारित स्थान पर लिखें।

5. *उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।*

6. ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक संख्या और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।

7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।

8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। *प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।*

9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।

10. *ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है।* यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर *नहीं देना चाहते हैं*, तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर *शून्य अंक* दिये जायेंगे।

11. रफ़ कार्य के लिये प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अन्दर वाले पृष्ठ तथा अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।

12. परीक्षा के उपरान्त *केवल ओ. एम. आर. उत्तर-पत्र* परीक्षा भवन में जमा कर दें।

13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।

collegedunia
India's largest Student Review Platform